हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 2 फरवरी 2024

06 स्वरोजगार योजना के हितग्राहियों को ऋण ...

09 राजस्व मंत्री के गृह जिले में ही राजस्व को नुकसान...




## खबर संक्षेप

### गुमठी तोड़कर किराने का सामान ले गए चोर

**सीहोर।** सिद्दीकगंज के दुर्गा मंदिर व थाने के पास रोड के साइड में रखी गुमठी को तोड़कर अज्ञात चोर करीब 40 हजार का किराना सामान चुरा ले गए। गांव के सुनील कुमार पिता धन सिंह जाति कुम्हार जो बगवाई माता मंदिर के पास में रखी गुमठी में किराने की दुकान चलाता था। 24 जनवरी की रात अज्ञात चोर गुमठी का ताला तोड़कर व पटिया उखाड़कर उसमें रखा करीब किराने का सामान चुरा ले गए। फरियादी जब सिद्दीकगंज थाने में रिपोर्ट करने गया तो पुलिस ने आवेदन लेकर फरियादी को रवाना कर दिया।

### बस की टक्कर से अतिथि शिक्षक की मौत

**सीहोर।** स्कूल से घर आ रहे एक अतिथि शिक्षक को प्राइवेट स्कूल की बस ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। जानकारी अनुसार डोबी निवासी घनश्याम दुबे नारायणपुर गांव के स्कूल में अतिथि शिक्षक पढ़ाई कराकर छुट्टी के बाद डोबी लौट रहे थे। इस दौरान जैत के पास निजी स्कूल की बस ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे उनके सिर में गहरी चोटें आई हैं। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### न्यायाधीश ने चिकित्सक के विरुद्ध दिए जांच के आदेश

**सीहोर।** न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा द्वारा शासन विरुद्ध गुलाबसिंह आदि में पारित निर्णय में एमएलसी प्रतिवेदन देने वाले चिकित्सक की लापरवाही पाते हुए उनके विरूद्ध योग्य जांच कर उचित कार्यवाही के निर्देश सक्षम प्राधिकारी को दिए गए हैं। प्रकरण में घटना के पश्चात एमएलसी करने वाले चिकित्सक द्वारा दिये गये प्रतिवेदन में आहत के पैर में फिबुला अस्थि में कोई उपहति होना लेख नहीं किया गया था, जबकि विचारण न्यायालय द्वारा आहत के पैर में अस्थि भंग होने के सम्बंध में अन्य साक्ष्य पाए गए एवं इस कारण को एमएलसी के समय चिकित्सक की लापरवाही मानते हुए योग्य जांच के निर्देश दिए हैं।

### दो थानों और एक पुलिस चौकी में प्रभारी बदले

**सीहोर।** सीहोर जिले के दो थानों और एक पुलिस चौकी में प्रभारी बदले गए हैं। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। बताया गया है कि अमलाहा चौकी के प्रभारी अविनाश भोपले को बिलकिसगंज थाना प्रभारी बनाया गया है। चिन्मय मिश्रा को डिसीबी से पार्वती थाना प्रभारी और अजय जोझा को अमलाहा चौकी के प्रभारी पद पर पदस्थ किया गया है।

## पीड़ित छात्रों को धमकाने वाले महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालक पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग

# एबीवीपी ने एनएसयूआई प्रदेश और जिला अध्यक्ष पर कॉलेज संचालक को संरक्षण देने का लगाया आरोप

### कॉलेज संचालक की कॉल ऑडियो वायरल, संचालक हर्षवर्धन एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष से नजदीकियां का हवाला देकर छात्रों को दे रहे धोंस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कागजों में चल रहे महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालक हर्षवर्धन श्रृंगी का कॉलेज के पीड़ित छात्र-छात्राओं के धमकी देने वाला एक ऑडियो वायरल होने के बाद इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भी मैदान में उतर आई है। बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक शुभम व्यास के नेतृत्व में परिषद की आष्टा नगर इकाई अध्यक्ष देवेंद्र बागवान नगर मंत्री रजत सोनी, मनीष प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जुलूस के रूप में तहसील पहुंच कर धरना प्रदर्शन कर एसडीएम आनंद सिंह राजावत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में परिषद ने मांग की है कि आष्टा में बिना मान्यता के बिना भवन, बिना अस्पताल, बिना लैब के महादेव नर्सिंग कॉलेज चल रहा है, जो इस कॉलेज के सैकड़ों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। पिछले चार साल से छात्रों की परीक्षाएं नहीं कराई गई हैं। वहीं मोटी फीस के नाम पर छात्रों से लाखों रुपया ले तो लिया पर उसमें कईयों को रसीद नहीं दी गई। ट्रेंनिग के नाम पर भी पैसे तो वसूले पर ट्रेनिंग नहीं कराई गई। वहीं मंगलवार की रात्रि से एक कॉल ऑडियो वायरल हुआ है। जिसमें एक शख्स एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, सीहोर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष देवेन्द्र ठाकुर से अपनी नजदीकियां बताते हुए छात्रों को धोस देते हुए सुनाई दे रहा है और आगे इस ऑडियो में विद्यार्थी परिषद को भी चुनौती दी जा रही है। वहीं इस कॉल ऑडियो में जो शख्स छात्रों से बात कर रहा है। उसे महादेव नर्सिंग कॉलेज का संचालक हर्ष वर्धन की आवाज बताई जा रही है। एबीवीपी ने ज्ञापन के माध्यम से महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालक पर पुलिस में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे और सीहोर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर पर महादेव नर्सिंग कॉलेज संचालक को संरक्षण देकर दलाली करने का गंभीर आरोप लगाए हैं।

**कलेक्टर ने लिया मामले में संज्ञान, जिला स्तरीय 4 सदस्यीय जांच दल का किया गठन**



### कलेक्टर ने 4 सदस्यी जांच दल का किया गठन

महादेव नर्सिंग कॉलेज द्वारा छात्र-छात्राओं से की गई ठगी और उनके सुनहरे भविष्य से किए गए खिलवाड़ मामले में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने 4 सदस्यीय जिला स्तरीय जांच दल का गठन किया है। इस जांच दल में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, सीएमएचओ सुधीर डेहरिया, आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला अधिकारी हिरेंद्र कुशवाहा, सीहोर तहसीलदार रिया जैन को शामिल किया गया है। उक्त जांच दल मामले की जांच कर जांच प्रतिवेदन बनाकर कलेक्टर को सौंपेगा।

### धमकियों व कॉल रिकॉर्डिंग से मचा हड़कंप, मामले ने पकड़ा तूल

दो दिन पूर्व पीड़ित छात्र-छात्राओं ने आष्टा थाने पहुंचकर बिना भवन के कागजों में चल रहे उक्त महादेव नर्सिंग कॉलेज की आष्टा टीआई पुष्पेन्द्रसिंह राठौर को शिकायत की थी, उसके बाद कुछ छात्रों के बयान भी दर्ज हुए। ऐसे में पीड़ित छात्रों को मोबाइल पर धमकियां भी मिलना शूरू हों गई हैं। लिहाजा मंगलवार की रात्री को कॉल रिकॉर्डिंग में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे और सिहोर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर का नाम आने से हड़कप मच गया है और ऐसे में अभा विद्यार्थी परिषद ने मौके का फायदा उठाकर फर्जीवाड़ा कर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले महादेव नर्सिंग कॉलेज को संरक्षण देने और दलाली करने के गंभीर आरोप लगा दिए। महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालक हर्षवर्धन श्रृंगी से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया तो उन्होंने कॉल रिसिव नहीं किया।

### एनएसयूआई पदाधिकारियों के ऊपर खड़े हुए सवाल

जिस तरह से बीती रात में कॉल रिकॉर्डिंग वायरल हुई और एनएसयूआइ के प्रदेश अध्यक्ष और सीहोर जिला अध्यक्ष से नजदीकियां कॉल रिकॉर्डिंग के जरिए मामला सामने आया और पूरे मामले में शुरु से लेकर अब तक एनएसयूआइ स्थानीय लेकर जिले के तमाम पदाधिकारी की खामोसियों से इन पर सवालिया निशान खड़े होते हैं कि आखिर क्यों इस संगठन के बड़े पदाधिकरी खामोश हैं और जो एनएसयूआइ छात्र नेता सामने आकर नर्सिंग छात्रों की आवाज उठा रहे उन्हें भी संगठन से निकालने की धमकी देना कहीं न कहीं जिम्मेदार पदाधिकारियों पर प्रश्न चिन्ह खडे करते हैं।

### जांच दल करेगा मामले की जांच

प्रदर्शनकारी छात्रों को बताया की पुलिस प्रशासन ने इस मामले को संज्ञान में ले लिया है। स्वयं एसडीओपी इसकी जांच कर रहे हैं। वहीं जिले से भी इस मामले की जांच लिए एक दल का गठन हुआ है वो भी इसकी जांच करेगी।

**आनंद राजावत,** एसडीएम आष्टा

## कसाई देहरिया में महिला समूह के लिए सिलाई सेंटर का किया शुभारंभ




**आगर-मालवा।** जिले के ग्राम कसाई देहरिया में बुधवार को समूह महिलाओं के लिए सिलाई सेंटर का शुभारंभ विधायक मधु गहलोत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी हर सिमरनप्रीत कौर द्वारा फीता काटकर किया गया। यह सेंटर अवादा फाउंडेशन के माध्यम से स्थापित किया गया है। इस केंद्र में फाउंडेशन में 10 सिलाई मशीनों को पंचायत भवन में स्थापित किया है। इन अत्याधुनिक सिलाई मशीनों के माध्यम से महिलाएं प्रशिक्षण उपरांत लगातार कार्य कर सकेंगी। इस केंद्र का संचालन ग्राम संगठन के माध्यम से किया जाएगा। केंद्र में प्रशिक्षण एवं मार्केट लिंकेज की जिम्मेदारी अवादा फाउंडेशन ने उठाई है। उल्लेखनीय है कि अवादा संस्था जिले में नवकरणीय ऊर्जा प्रोजेक्ट पर कार्य कर रही है। इस केंद्र की स्थापना सीएसआर के अंतर्गत की गई है। विधायक गेहलोत ने कार्यक्रम को सम्बोधित कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में हर सम्भव मदद के लिए आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने समूह से जुड़कर जीवन में आए बदलाव को मंच के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्थानीय सरपंच,अवादा फाउंडेशन प्रभारी अभिषेक राठौर, आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना, राहत शेख एवं ब्लॉक सदस्य रिजवान खान उपस्थित रहे।

### केन्द्रीय गृहमंत्री व मुख्यमंत्री प्रदेश साइबर तहसीलों का शुभारम्भ करेंगे आज

**नलखेड़ा।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महाकाल की नगरी उज्जैन में आज मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में साइबर तहसील का शुभारम्भ करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालयों पर किया जाएगा। नलखेड़ा तहसील मुख्यालय पर भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाया जाएगा।

### दुकानों के सामने समान नहीं रखने की दी गई समझाइश

**नलखेड़ा।** नगर के प्रमुख चौराहा सरदार पटेल, शिवाजी चौराहा पर दुकानदारों को रोड पर सामान रखकर व्यापार नहीं करने की समझाइश दी गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुकेश भंवर ने सरदार पटेल चौराहा, शिवाजी चौराहा के आसपास रोड पर सामान रखकर व्यापार कर रहे दुकानदारों को रोड पर समान नहीं रखने की समझाइश दी गई एवं साथ ही चेतावनी भी दी गई कि दुकानों के सामने रोड पर सामान पाया गया तो निकाय द्वारा चालानी कार्यवाही के साथ वैधानिक कार्यवाही भी की जावेगी। समाझाइश देने वाले दल में रौनक जैन, उपयंत्री अमित कोटवाल, सुमित जैन, राहुल बैरागी शामिल थे। गौरतलब है कि नगर परिषद द्वारा लगभग एक पखवाड़े पूर्व नगर के प्रमुख मार्गों व चौराहों से स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई थी। उसके बाद पुनः अतिक्रमण करने पर जुर्माने की कार्यवाही की चेतावनी मुनादी के माध्यम से दी गई थी। अब नगर परिषद के दल द्वारा समाझाइश दी गई है।



## मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार आयोजित

### 'परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए संतुलित आहार और पर्याप्त नींद जरूरी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता के निर्देशानुसार एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ महेश निगवाल के मार्गदर्शन में दिनांक 1 फरवरी गुरूवार को शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल एवं शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल कानड़ में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत छात्र छात्राओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। उक्त सेमिनार में मनोचिकित्सक डॉ राहुल गौड के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक रोग से संबंधित लक्षणों के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया।डॉ. द्वारा छात्रों को डिप्रेशन, एंजायटी,सिजोफ्रेनिया जैसे मानसिक रोगों के बारे मे जागरूक किया गया जिससे वो इन रोगों के लक्षणों की पहचान कर सके। इस दौरान छात्र छात्राओं को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव एवम उसके लक्षणों के बारे में भी बताया गया।इसमें एग्जाम स्ट्रेस को कम करने के लिए डॉ. द्वारा पर्याप्त नींद लेने, संतुलित आहार लेने, अपने सहपाठी से निरंतर संपर्क मे रहने एवम दिनचर्या में ज्यादा बदलाव नहीं करने की सलाह दी गई। इस दौरान बच्चो को एग्जाम समय के दौरान टाइम मैनेजमेंट के बारे में भी बताया गया।डॉ. द्वारा छात्रों को स्मार्टफोन एवम सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई।इस दौरान छात्रों को अपने परिवार या आस पड़ोस में किसी को मानसिक रोग होने पर जिला अस्पताल के मनकक्ष में जाकर मनोचिकित्सक से संपर्क करने या टोल फ्री नंबर 14416 पर संपर्क कर अपनी समस्या को साझा कर निदान प्राप्त करने की सलाह दी गई ' इस अवसर पर डॉक्टर दिव्यांक सोनी मेडिकल ऑफिसर , खंड विस्तार प्रशिक्षक भगवान सिंह डगवाल, प्राचार्य आशीष विश्वकर्मा, प्रशांत राठोर, महेश शर्मा, वर्षा गहलोत, प्रहलाद सिंह बिजापारी, चेतन निगम एवं स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।





### तीनों फर्म को सुधार के लिए नोटिस दिया

# संभागीय उड़नदस्ते ने जिले में खाद्य सामग्री की जांच करने पहुंचे, लिए भी नमूने





हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश भोपाल डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देशानुसार उज्जैन संभाग की संभागीय उड़नदस्ते द्वारा ज़िला मुख्यालय स्थित खाद्य फर्मों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। संभागीय उड़नदस्ते में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर एवं राजू सोलंकी, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी के. एल. कुंभकार द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फर्म अनिक मिल्क प्रोडक्ट का निरीक्षण कर विक्रय हेतु भंडार खाद्य पदार्थ मिक्स मिल्क के नमूना जांच हेतु लिए गए। साथ ही पवन श्री फूड इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड नाकोडा से मिक्स मिल्क एवं मधुबन रिजॉर्ट रेस्टोरेंट से काजू टुकड़ी, पनीर एवं मक्के का आटा के नमूने जांच हेतू लिए गए। उक्त नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी। खाद्य अनुज्ञप्ति शर्तों का पालन नहीं करने पर उक्त तीनों फर्मों को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत सुधार सूचना पत्र जारी किए गए।

# शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा में चलाया गया कॉलेज चलो अभियान



**नलखेड़ा।** स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत अंतिम दिन नलखेड़ा के विभिन्न हायर सेकेंडरी स्कूलों में जाकर प्राचार्य, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों से संपर्क कर उच्च शिक्षा विभाग की प्रवेश प्रक्रिया, शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं, महाविद्यालय में प्रदत्त सुविधाएं एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. एल. रावल, कॉलेज चलो अभियान समिति के संयोजक डॉ सुखदेव बैरागी, डॉ. सर्वेश व्यास, डॉ. जितेंद्र चावरे एवं डॉ बलवंत दांगी द्वारा अभियान के अंतिम दिवस 31 जनवरी को केशव विद्यानिकेतन हायर सेकेण्डरी, कमला सागर हायर सेकेंडरी स्कूल, कक्का इंटरनेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल, गुरुकुल हायर सेकेंडरी स्कूल, श्री आस्था अकैडमी हायर सेकेंडरी स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नलखेड़ा में जाकर संपर्क किया गया।

## खबर संक्षेप

### आईएमए के चुनाव संपन्न, डॉ. शर्मा अध्यक्ष व डॉ. शुक्ला सचिव बने



**देवास।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का चुनाव डॉक्टर कुलदीप श्रीवास्तव ( झोनल चेयरमैन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन )के निर्देशानुसार संपन्न हुआ । जिसमें डॉ. संजीव शर्मा को अध्यक्ष और डॉ. बी.आर. शुक्ला को सचिव के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया। डॉक्टर शर्मा एवं डॉक्टर शुक्ला की नियुक्ति पर सभी ने हर्ष और विश्वास व्यक्त किया और शुभकामनाएं दी।

### मां चामुंडा टेकरी पर किया मॉकड्रिल

**देवास।** माता टेकरी पर रोपवे ट्राली में दो लोगों के फंसे होने की सूचना के बाद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर रोपवे में फंसे दो लोगों को सकुशल बाहर निकालकर नीचे पहुंचाया गया और उनका मेडिकल परीक्षण किया गया।दरअसल यह पूरा घटनाक्रम मॉक ड्रिल का हिस्सा था। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम द्वारा संयुक्त रूप से देवास टेकरी पर संचालित रोपवे पर गुरुवार को मॉक ड्रिल की गई।

### मल्हार स्मृति मंदिर में रोजगार दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# स्वरोजगार योजना के हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति प्रमाण-पत्र किए वितरित

देवास जिले में 4063 प्रकरणों में 2150.07 लाख रूपये की राशि वितरित की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रोजगार की गारंटी को पूरा करने की शुरुआत मुरैना में आयोजित प्रदेश व्यापी रोजगार दिवस कार्यक्रम से की। देवास में जिला स्तरीय कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिक सभागृह मल्हार स्मृति मंदिर देवास में आयोजित हुआ। मल्हार स्मृति मंदिर देवास में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संबोधन को सुना।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना जिले में आयोजित प्रदेश व्यापी रोजगार दिवस कार्यक्रम से विभिन्न जिलों के हितग्राही से सीधा संवाद भी किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वरोजगार योजना में हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। भारत सरकार एमएसएमई विभाग द्वारा उद्यमिता विकास केन्द्र देवास के माध्यम से ब्यूटी पार्लर, टेली एवं रेडीमेड गारमेन्ट के प्रशिक्षणार्थियो को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंगल रेकवार देवास कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर बताया कि जिले में इस वित्तयीय वर्ष में समस्त स्वरोजगार योजनाओ में 4088 प्रकरणो में 2263.68 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई। जिसमें अब तक 4063 प्रकरणों में 2150.07 लाख रूपये की राशि वितरित की गई है। जिसमें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, सावित्री बाई फुले सहायता योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक उद्यम तथा स्वरोजगार योजना और मुख्यमंत्री विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु स्वरोजगार योजना के हितग्राहि शामिल है।



इस दौरान निगम एमआईसी सदस्य, प्रभारी वित्त एवम लेखा विभाग अजय तोमर, योगेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एलडीएम एहसान अहमद, भानुप्रताप सिंह राणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मांग को लेकर किसान कर रहे हैं महापंचायत

### उचित मुआवजा राशि है मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बुधनी रेलवे लाइन एवं आउटर रिंग रोड के प्रभावित किसानों ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज के गृह क्षेत्र बुधनी समीप नर्सुल्लागंज में 2 फरवरी को महापंचायत का ऐलान किया हैं। महापंचायत में 6 जिलों के हजारों किसान शामिल होने जा रहे है। वही आउटर रिंग रोड योजना के प्रभावित किसान द्वारा आउटर रिंग रोड योजना को रद्द करने की मांग की जा रही हैं।इंदौर बुधनी रेलवे लाइन के किसानों की मांग हैं कि रेलवे लाइन का फिर से सर्वे करवाया जाए एवं वन भूमि में से निकाला जाए। किसानों ने का कहना हैं कि हम अपनी जमीन कौड़ियों के दाम पर किसी भी कीमत पर नहीं देंगे। किसान नेता हंसराज मंडलोई ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि विगत दिनों भोपाल में प्रदर्शन करने के बाद से प्रभावित किसानों ने पूर्व मुख्यमंत्री के गृह भेरूंनदा नरसुल्लागंज में 2 फरवरी को महापंचायत करने का ऐलान किया है। जिसमें इंदौर, धार, देवास, सीहोर, हरदा और भोपाल सहित मध्य प्रदेश के हजारों किसान महापंचायत में शामिल होंगे एवं केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ युद्ध का शंखनाद करेंगे। हंसराज मंडलोई एवं देवास जिले के किसान नेता रवि मीणा ने कहा कि किसान इंदौर बुधनी रेलवे परियोजना में अपने बाप दादाओ की जमीन नहीं देना चाहते हैं। प्रभावित किसानों से आग्रह है कि महापंचायत को पूरी ताकत से सफल बनाया जाए, क्योंकि यह आपके और आपके बच्चों के भविष्य का सवाल है। महापंचायत को सफल बनाने की अपील बुधनी विधानसभा क्षेत्र के किसान नेता संतोष शर्मा, भगत सिंह मकवाना, देवास जिले के किसान नेता अभिषेक पंचोली, विजय सिंह परिहार, संतोष पटेल दखना खेड़ी, इंदौर जिले के किसान नेता प्रेम भगवान, जितेंद्र पटेल, महेश पटेल, कृष्णकांत पटेल सहित अनेक किसान नेताओं ने की है।

# मनाया गया मद्य निषेध संकल्प दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटपिपलया




शासकीय महाविद्यालय हाटपीपल्या में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को मद्य निषेध संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति अभियान को गति देने का संकल्प लिया गया। प्रारंभ में प्राचार्य डॉक्टर पी के चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा की नशा व्यक्ति को और समाज को नाश की ओर ले जाता है उन्होंने विद्यार्थियों से अपने आसपास नशा मुक्त परिवेश बनाने आत्मबल बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रासेयो प्रभारी डॉ कवींद्र भारद्वाज ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह अपने आसपास के व्यक्ति जो नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं उन्हें नशा मुक्ति का संकल्प दिलाए।महाविद्यालय हर संभव उनकी मनोचिकित्सकीय काउंसलिंग और चिकित्सा सलाह के लिए कार्य करेगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति के संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर भी किए तथा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। आभार प्रदर्शन डॉक्टर धरमसिंह मेहरा ने किया। इस अवसर पर ग्रंथपाल सुधांशु,बीएस धाकड़ आदि उपस्थित थे।

# देवास के निगम अमले ने सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त करने की कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देशानुसार स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड दरोगा के साथ स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा गोया फ्रूट मंडी, सयाजी द्वार चौपाटी एवं एमजी रोड पर सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन,डिस्पोजल का प्रयोग करने वाले दुकान एवं ठेले वालो की पॉलीथिन जप्त कर दुकान एवं ठेले संचालको को अमानक पालिथीन का उपयोग नही करने की समझाईश दी गई कि शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल का प्रयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है। समझाईश दी जाने के पश्चात भी प्रतिष्ठान व्यवसायको द्वारा अमानक पालिथीन का उपयोग किया जाता है तो अमानक पालिथीन जप्त कर चालानी कार्यवाही भी की जाएगी। निगम की टीम द्वारा अमानक पालिथीन की चेकिंग के दौरान कुछ प्रतिष्ठानो पर अमानक पालिथीन पाई गई जिसे जप्त कर चालानी कार्यवाही की गई। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन ने सभी व्यवसायको से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानो पर अमानक पालिथीन का उपयोग नही करें तथा की जाने वाली चालानी जैसी अप्रिय कार्यवाही से बचें एवं स्वच्छ भारत मिशन 2024 मे सहायोग प्रदान करें। आयुक्त के निर्देश पर अस्थाई अतिक्रमणो को भी हटाये जाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान स्वच्छता निरीक्षक हेमंत उबनारे, भूषण पवार, ओम प्रकाश पाथरोड, स्वच्छ भारत मिशन से अरूण तोमर, रिम्युवल गैंग प्रभारी अबरार पठान प्रतिक शर्मा एवं निगम की टीम साथ रही।

### राहत राशि देने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



**बागली।** विगत दिनों रबी फसल सीजन के दौरान खराब मौसम के कारण खराब हो गई थीं जिसके चलते किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।फसलों को काफी नुकसान हुआ है। वही उत्पादन भी कम निकल रहा है, किसानों द्वारा महंगे दामों पर बीज, दवाई खरीद कर रबी फसल लगाई गई थी, लेकिन खराब मौसम के कारण फसलों को काफी नुकसान हुआ है। जिसकी राहत राशि की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ के बेनर तले गुरुवार के दिन एसडीएम कार्यालय बागली पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। इस दौरान ज्ञापन में बताया गया है कि मौसम में किसानों की फैसले खराब हुई है, तत्काल किसानों को राहत राशि दी जाए। साथ ही केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान मुकेश पाटीदार, चंपालाल मुकाती, इन्दरसिंह सेंधव, गणेश पटेल,कमल पाटीदार,माखन राजपूत, सज्जनसिंह सेंधव आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता, वह जीवन पर्यंत ज्ञान अर्जन में लगा रहता है: निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शासकीय चिमनाबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की हिंदी विषय की उच्च श्रेणी शिक्षिका रश्मि दुबे के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। मनोज बजाज ने बताया रश्मि दुबे हिंदी विषय में उच्च श्रेणी शिक्षक रही हैं। चिमनाबाई स्कूल में आने से पूर्व उन्होंने ग्राम सिया, भौंरासा एवं प्राथमिक विद्यालय क्रमांक आठ में अध्यापन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य दिव्या निगम ने की। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना के पश्चात विद्यालय के सभी शिक्षकों ने दुबे का शाल, श्रीफल भेंटकर पुष्मालाओं से अभिनंदन किया। निगम ने कहा शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता, उसका पूरा जीवन ज्ञान अर्जन में लगा रहता है। उसका जीवन अपने शिष्यों को योग्य बनाने में पूर्ण होता है। वही दुबे ने कहा उन्हें इस बात की खुशी है कि उनका जीवन शैक्षणिक कार्य में बीता। आगे भी वह शैक्षणिक कार्य को जारी रखेंगी और बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करती रहेंगी। दुबे को विद्यालय से जुलूस के रूप में उनके निवास रामचंद्र नगर तक ले जाया गया। जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा उनके सम्मान में भोज दिया गया। इस अवसर पर वंदना जोशी, आदिल पठान, मनोज बजाज, राजेश तिवारी, संजय जोशी, अभिमन्यु यादव, जादौन सर, कुणाल दुबे, महेश सोनी, राहुल चौहान, कमल प्रजापत आदि उपस्थित थे। संचालन नीलम पटेरिया ने किया। आभार रुचि व्यास ने माना।

# बावड़ीखेडा में पशुपालन प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




समाज प्रगति सहयोग से प्रोत्साहित बागली प्रगति समिति के अंतर्गत पशुधन कार्यक्रम मे दो दिवसीय पशु उत्पादक समूह के सदस्यों का प्रशिक्षण रामपुरा और वाबड़ीखेड़ा गाँव मे आयोजित किया गया। इस दौरान उन्हे बकरी पालन के बारे मे डा.भीष्म ने जानकारी दी । डा. भीष्म जो कि राजस्थान के रहने वाले है और पिछले 42 वर्षों से बकरी पालन को बेहतर बनाने के लिए देश के हर एक राज्य मे प्रशिक्षण दे चुके है। प्रशिक्षण मे बकरी पालन मे आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई एवं क्षेत्र मे बकरी पालन से आय को कैसे बढ़ाया जाए विषयों के बारे मे जानकारी दी गई।


इस प्रशिक्षण मे विशेषज्ञ ने अंग्रेजी दवा की जगह आयुर्वेदिक दवा इस्तेमाल करने की सदस्यों को सलाह दी गई। जिसमे बकरी एवं बड़े जानवर के बदलते मौसम मे होने वाले रोगों की देशी हर्बल दवा बनाने की जानकारी दी गई।

इन आयुर्वेदिक दवाओं मे लीवर टॉनिक, दाना मिश्रण, पशु चाट और नीम तेल हर्बल दवा बनाई गई और इन दवाओ को सदस्यों ने अपने पशुओं को खिलाया। इस प्रशिक्षण मे बागली प्रगति समिति के पशुधन कार्यक्रम के इसरार अली, डा आशीष अवस्थी, धर्मेंद्र झिलोरिया, राधेश्याम देवड़ा, राहुल धारसिया लोकेन्द्र राठोड, लखन बघानिया, सोबाल परमार, ओम प्रकाश यादव,पवन परमार,विजय उईके, अनिल छवालिया एवं एसबीआई फ़ेलो इकबाल हुसैन उपस्थित रहे।

### संस्था इनोवेटिव पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में धूमधाम से मना 18वां वार्षिकोत्सव

# अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत बहुत जरूरी: एएसपी




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

इनोवेटिव पब्लिक हा.से. स्कूल का 18वा वार्षिकोत्सव मनाया गया। संस्था के प्राचार्य सय्यद मक़सूद अली ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय पुलिस सेवा 23 में चयनित जिले की प्रथम महिला आयशा फ़ातेमा थी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि सचिव अशा.शिक्षण संस्था संचालक संघदिनेश मिश्रा थे। मुख्य अतिथि जयवीर सिंह भदौरिया ने सम्बोधित करते हुए कहा की इस दौर में प्रतिस्पर्धा बहुत हो गई हैं आपको अपने लक्ष्य को पाने के लिए मेहनत करना बहुत जरुरी हैं साथ ही कहा की वार्षिक उत्सव के माध्यम से विद्यालय की प्रगति की जानकारी पालकों और सम्पूर्ण समाज को पता चलती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आयशा फ़ातेमा ने कहा की विद्यार्थियों को अपना एक लक्ष्य निर्धारित करना पड़ेगा, अगर आप निर्धारितलक्ष्य के अनुरूप मेहनत करते हैं और चाँद को पाने की तमन्ना रखते हैं तो सितारा अवश्य आपकी झोली में आएगा ।इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि आयशा फ़ातेमा को यूपीएससी में आल इंडिया में 184 रैंक लगाने पर अशासकीय शिक्षण संस्था संचालक संघ द्वारा शाल श्रीफल , इनोवेटिव पब्लिक स्कूल द्वारा चाँदी का ताज और देवास यूथ वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा चाँदी की कलम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण में सत्र 2022 -23 में विद्यालय में कक्षा 12वी में प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले एम डी सोनू और शाहिद अंसारी साथ ही कक्षा 10 वी प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अनिका खान और सिग्राफ तहसीन , सत्र 2023-24 के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी वरदान सिंह और अनिका खान ,67वी राज्यस्तरीय शालेय प्रतियोगिता में रूप स्कीपिंग, कराटे, वॉलीबॉल में सिल्वर मैडल , ब्रोंज मैडल प्राप्त करने वाले आफरीन शैख़, अनस शेख ,अभिषेक मालवीय ,एवं राज्य स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल करने वाले रेहान अली , विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ दो कक्षाएं 2री एक्सीलेंस एवं 9 वी(ए) , बैंड टीम के विद्यार्थियों और गॉर्ड ऑफ ऑनर टीम के विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर रामेश्वर पटेल सर,मिथलेश यादव चंद्रपाल सिंह सोलंकी , नज़ीर शैख़ , डा अब्बास शैख़ सुरेंद्र राठौर, शकील क़ादरी, आदित्य दुबे , डा. जावेद खान, मुजीब शाह, उस्मान सर , फारुख पठान , चेतन यादव, अकबर अली , रईस शाह , बंसरूप साहू , सुरेंद्र राठौर , सहित समस्त स्टाफ ,सैकड़ों पालक और बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सदाकत अली ने किया और आभार हेड गर्ल फातिमा अहमद ने माना ।

### उपायुक्त ने किया रैन बसेरा का औचक निरीक्षण




**देवास।** गरीब, जरूरतमंद व असहाय लोगो के के विश्राम हेतु उज्जैन रोड बस स्टेण्ड ईटावा पर स्थित दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन आश्रय स्थल (रैन बसेरा) का आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देश पर औचक निरिक्षण गुरूवार को निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया के द्वारा किया गया। उपायुक्त ने रैन बसेरा मे तैनात कर्मचारियों से समस्त व्यवस्थाओ के बारे मे जानकारी ली जाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। रैन बसेरा मे गरीब, जरूरतमंद व असहाय लोगो के विश्राम के लिए रजाई, गादी, चादर व साफ सफाई, पीने के पानी व अन्य व्यवस्थाओं सहित की जाने वाली अन्य सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पक्षकार ज़हरा सैफी के पुराने पासपोर्ट में उसका नाम ज़हरा (ZAHRA) तथा उसके पिता का नाम अब्दुल कादर (ABDUL KADAR) लिखा हुआ है। जो कि अब बदलकर ज़हरा सैफी (ZAHRA SAIFEE) पिता अब्दुल कादिर सैफी (ABDUL QUADIR SAIFEE) हो गया है। वर्तमान में मेरे पक्षकार के सभी दस्तावेजो में उसका नाम ज़हरा सैफी (ZAHRA SAIFEE) तथा उसके पिता का नाम अब्दुल कादिर सैफी (ABDUL QUADIR SAIFEE) है। अतः मेरे पक्षकार को ज़हरा सैफी (ZAHRA SAIFEE) पिता अब्दुल कादिर सैफी (ABDUL QUADIR SAIFEE) से जाना एवं पहचाना जावे।

भवदीयः संजीव चौहान एडव्होकेट
235, राधिका कॉम्पलेक्स देवास (म.प्र.)
मो.07272408694 , 9893322180

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पक्षकार अब्दे अली सैफी के पुराने पासपोर्ट में उसका नाम अब्दे अली (ABDE ALI) तथा उसके पिता का नाम अब्दुल कादर (ABDUL KADAR) लिखा हुआ है। जो कि अब बदलकर अब्दे अली सैफी (ABDE ALI SAIFEE) पिता अब्दुल कादिर सैफी (ABDUL QUADIR SAIFEE) हो गया है। वर्तमान में मेरे पक्षकार के सभी दस्तावेजो में उसका नाम अब्दे अली सैफी (ABDE ALI SAIFEE) तथा उसके पिता का नाम अब्दुल कादिर सैफी (ABDUL QUADIR SAIFEE) है। अतः मेरे पक्षकार को अब्दे अली सैफी (ABDE ALI SAIFEE) पिता अब्दुल कादिर सैफी (ABDUL QUADIR SAIFEE) से जाना एवं पहचाना जावे।

भवदीयः संजीव चौहान एडव्होकेट
235, राधिका कॉम्पलेक्स देवास (म.प्र.)
मो.07272408694 , 9893322180

## खबर संक्षेप

### शांति सरोवर में मनाया राष्ट्रीय पर्यटक दिवस



**आष्टा।** ब्रह्माकुमारी शांति सरोवर में राष्ट्रीय पर्यटक दिवस नमस्ते कर मनाया गया। शांति सरोवर की प्रभारी ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी ने राष्ट्रीय पर्यटक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति हमारी पहचान है। सुबह से शाम तक हम जिससे भी मिले सभी से नमस्ते हमें जरूर करना चाहिए, यही हमारे देश की पहचान है। उन्होंने नमस्ते शब्द पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यें शब्द संस्कृत के नमस शब्द से निकला है। जब हम एक दूसरे से नमस्ते करते है तो हममें नम्रता का भाव दिखता है ,अर्थात नमस्ते हमें सम्मान देना व झुकना सिखाता है। संस्था में आने वाले सभी भाई बहनों ने सर्वप्रथम परमात्मा को नमस्ते किया।

### शिक्षक को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**आष्टा।** माध्यमिक शाला नजरगंज में पदस्थ शिक्षक चंदू पठान के सेवानिवृत होने पर सम्मान किया। इस अवसर पर अजब सिंह राजपूत विकासखंड शिक्षा अधिकारी, अमर सिंह परमार प्राचार्य कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, तरुण बैरागी बीआरसी आष्टा, महेंद्र मालवीय, हरेंद्र सिंह ठाकुर, फूलचंद सकेल, देवजी मेवाड़ा, सोनी प्रकाश मुंद्रा, सीताराम वर्मा व माध्यमिक शाला का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### गांव हो या शहर नियम कायदे को ताक पर रखकर काट रहे अवैध कॉलोनी

# राजस्व मंत्री के गृह जिले में ही राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे अवैध कॉलोनाइजर






भू-माफिया नियमों को दरकिनार कर हर कही काट रहे अवैध कॉलोनी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

सपनों के लुटेरों के खिलाफ
हरिभूमि का अभियान

मध्य प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का एक बयान सामने आया था पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा था की ना खाऊंगा ना खाने दूंगा, किसी भी प्रकार की गलत तरीके के काम नहीं होने दूंगा परंतु शहर हो या ग्रामीण इलाके में जमीन के कारोबार पर माफिया सक्रिय है। राजस्व मंत्री के गृह जिले में नियम कायदों को ताक पर रखकर कॉलोनी काटी जा रही है। कृषि भूमि का उपयोग बदलने के नियम का भी कड़ाई से पालन नहीं हो रहा है, जिसका फायदा माफिया उठा रहे हैं। यह खेल सियासत से गठजोड़ और प्रशासनिक स्तर पर सेटिंग से चल रहा है। इसमे ना केवल सरकार को राजस्व के रूप में नुकसान पहुंचा जा रहे है, बल्कि अनधिकृत कॉलोनी में प्लाट खरीदने वालों को भी ठगा जा रहा है।

### कृषि भूमि पर काट रहे प्लॉट

नियमों के विपरीत अधिकांश कॉलोनिया कोठरी शहर के वाआसपास ग्रामीण क्षेत्र मैं धड़ल्ले से चल रहा है, कोठरी मे वार्ड नंबर चार ,मैनाखेड़ी रोड,मानाखेड़ी रोड,गवाखेड़ा और हाइवे किनारे दारू के ठेके के सामने काटे जा रहे है ऐसा ही मामला आष्टा जनपद के ग्राम लसुलिया से रोड के किनारे भी काटी जा रही है, बिना नियम कायदे के प्लाट काटे और बेचे जा रहे हैं, इस खेल में शामिल भूमाफियाओं द्वारा किसानों से कृषि भूमि को सस्ते दाम पर खरीदा जा रहा है।, भूमि को कृषि उपयोग दर्शाकर खरीदा जाता है, लेकिन फिर उसमें कॉलोनी कटनी शुरू कर दी जाती है, क्योंकि कृषि भूमि की रजिस्ट्री करने में स्टेम शुल्क कम लगता है, जबकि आवासीय और व्यावसायिक उपयोग के लिए रजिस्ट्री कराने में 6 गुना तक ज्यादा स्टेम शुल्क जमा करना पड़ता है।

### सपनों के सौदागर दिखा रहे बड़े-बड़े सपने

भू माफिया दलाल के द्वारा प्लाट बेचने के काम को अंजाम देते है। जिनका कमीशन रहता है, दलाल बड़ी-बड़ी चिकनी चुपड़ी बातें बताकर मकान बनाने की चाहत रखने वाले को ठगते हैं, मेहनत की गाड़ी कमाई ऐसे लूटते हैं सपनों के सौदागर बड़े-बड़े सपने दिखाकर सुविधा देने की बात की जाती है, पर प्लांट बिकने के बाद रफू चक्कर हो जाते हैं क्या होगा उनका? सुविधा तो कोसों दूर रहता है।, ऐसा पहले भी कई बार हो चुका है। कई भू माफियाओं पर एफआईआर दर्ज होने के बाद भी किसी प्रकार का कोई भय नहीं है खुलेआम काटी जा रही हैं कालोनियां।


ग्रामीणों को भी नहीं छोड़ रहे झूठे सपनों के सौदागर, हाइवे किनारे काट रहे कॉलोनियां
जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते जिस भूमि पर कभी खेती होती थी, वहां अब कट रही अवैध कॉलोनियां

### चिन्हित किया है, करेंगे कार्रवाई

नगरपरिषद कोठरी से किसी प्रकार की कोई भी परमिशन नहीं ली गई है। क्षेत्र में जो भी कॉलोनियां काट रहे है उन्हे चिन्हित कर लिए है, जल्द ही नोटिस भेजे जाएंगे।

**नरेंद्र जाटव,** सीएमओ नगर पंचायत कोठरी

### जल्द ही शुरू होगी कार्रवाई

मेरे द्वारा पहले भी करीब 80 अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों पर एफआईआर की गई थी, चुनाव और विकसित भारत यात्रा से समय नहीं मिल पा रहा है जल्द ही कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**आनंद सिंह राजावत,** एसडीएम आष्टा

# मनीपुरा डेम की नहर में लगे पाइप हो रहे चोक

### किसानों को उठानी पड़ रही परेशानी



**आष्टा।** इस प्रकार नहर के पाइप को पूरा दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बडघाटी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम मनीरामपुरा डेम से निकली नहर के माइनर एक में पानी जाता है ,जिससे किसानों के खेत की पूर्ति हो जाती है लेकिन दूसरे माइनर से जो पानी जाता है वह नाले में ही जाता है। जो नाले से होता हुआ सीधा रोलागांव नदी में मिल जाता है ।तीसरी माइनर में जो पानी जाता है वह भी किसानों की खेत की पूर्ति कर देता है लेकिन चौथे माइनर में पानी नहीं जाता है जब पानी जाता है, तो ग्राम बडघाटी के किसान उस माइनर को पूर देते हैं।

जिससे चौथे माइनर में पानी नहीं जाता है और किसानों को पानी नहीं मिल पाता है। जिन किसानों की चौथी माइनर में जमीन लगी हुई है ,वह किसान जब माइनर को खोलने जाते हैं तो ग्राम बडघाटी के किसान लड़ाई -झगड़ा करते हैं ।एक- दूसरे को मारने के लिए आतुर हो जाते हैं। कुछ दिन पहले सभी किसानों में आपसी सहमति बनी थी कि चौथे माइनर में एक 6 इंची पाइप लगा दिया जाए जिससे चौथे माइनर में हमेशा पानी जाता रहेगा। जिससे किसानों को पानी मिलता रहेगा। लेकिन बडघाटी के किसानों ने फिर उस पाइप को भी पूर दिया ,जिससे चौथे माइनर के किसानों को पानी नहीं मिल रहा है ।

चौथे माइनर के किसानों का कहना है कि जिस अधिकारी ने यह माइनर में पाइप लगवाया था और माइनर को कांक्रीट से पुरवाया था , जिसे अधिकारी को आकर अब उस माइनर की कांक्रीट को फूडवाना चाहिए ।जिससे चौथे माइनर के किसानों को पानी मिल सके। अगर ऐसा नहीं हुआ तो किसी दिन किसी किसान की जान जा सकती है ।दोनों तरफ के किसान लड़ाई में किसी दिन मर सकते हैं।

नहर से बहुत सारी अवैध पाइप लाइन भी गाड़ी हुई है। अवैध पाइप लाइन से 2 किलोमीटर दूर तक पानी जाता है।

### पानी नहीं छोड़ने के कारण बिगड़ी स्थिति

प्राप्त जानकारी के अनुसार नहर के पांचवें माइनर तक पानी ही नहीं पहुंच पाता है नहर सूखी पड़ी हुई है। नहर में लगातार पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। नहर को बंद चालू ,बंद चालू किया जाता है ।रात में नहर को बंद कर दिया जाता है। मनीरामपुरा डेम नहर के मामले में कही चौकीदार मनमानी कर रहा है तो कही किसान आपस में ही विवाद कर हठधर्मिता कर रहे,इस कारण कुछ किसान पानी से वंचित हो रहे। सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित मनीरामपुरा डेम सिंचाई परियोजना आज किसानों के लिए भारी परेशानी का सबब बन गई है। इसकी मुख्य वजह सिंचाई विभाग द्वारा मनीरामपूरा सिंचाई तालाब पर सेवारत चौकीदार भी नहर में पानी छोड़ने में पूरी तरह से मनमानी करता है और स्वार्थ वशीभूत होकर कार्य करता है ।इस कारण नतीजा यह है कि चौकीदार नहर में पानी इतनी कुशलता से छोड़ता है की जिन किसानों से उसे आर्थिक लाभ मिलता है, उन्ही माइनर में पानी पहुंच रहा है , इतना ही नहीं मुख्य नहर और मनीरामपुरा में बहुत सारी अवैध पाइप लाइन भी गड़ी हुई है। करीब बीस अवैध पाइप लाइन से लगभग 2 किलोमीटर दूर तक पानी जाता है , तो दूसरी ओर आलम यह है कि पांचवी माइनर में तो पानी आज भी नही जाता।

# स्पेक्ट्रम 2024 प्रदर्शनी का किया आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में अभिभावक शिक्षक बैठक और स्पेक्ट्रम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में नर्सरी से कक्षा 9 तथा 11 के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने मॉडल प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित कर सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों के कई मॉडल आकषर्ण का केंद्र बने रहे।प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने हिंदी, अंग्रेजी, कंप्यूटर, गणित, विज्ञान, तथा सामाजिक विज्ञान आदि विषयों की विभिन्न प्रदर्शनी लगाईं। जिसमें स्वच्छ भारत, हमारा गांव, फसलों के प्रकार, एटीएम मशीन, डे एंड नाइट, एडजेक्टिव, कंप्यूटर सिस्टम, ज्योमैट्रिकल शेप्स,डिजास्टर मैनेजमेंट, गुरुकुल पद्धति, पुस्तक संग्रहालय, सोशल इंटीग्रेशन, प्रोबेबिलिटी, सोलर पैनल, हड़प्पा सभ्यता, ट्रिगोनोमेट्रीक पार्क, रेस्पिरेटरी सिस्टम, टेंस, डोमेस्टिक एनिमल, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, सिनबाद एंड द स्ट्रेंज आइलैंड आदि मॉडल प्रदर्शित किए। जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल, बौद्धिक तथा मानसिक विकास करना है। इस आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय संचालक ध्रुवकुमार तिवारी, पायल अली, सैय्यद आदिल अली, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञान सिंह ठाकुर, प्राचार्या डॉ. संगीता सिंहा उपस्थित थे। प्राचार्या ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### वन विभाग के अमले ने की कार्रवाई, मोटरसाइकल और सागौन की लकड़ी की जब्त, आरोपी रात के अंधेरे में फरार

**आष्टा।** मंगलवार रात्रि वन विभाग की टीम को गश्ती के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक मोटरसायकिल अवैध सागौन लकड़ी को लेकर ग्राम बड़झीरी की ओर जा रही है। जिसके बाद वन विभाग की टीम द्वारा उक्त स्थल पर निगरानी रखी तभी ग्राम गवखेड़ी से बड़झीरी की ओर एक मोरटसायकिल आती दिखाई दी, जिस पर अवैध सागौन लकड़ी लदी हुई थी। वन विभाग की टीम को देखकर मोटरसायकिल द्वारा भागने का प्रयास किया। टीम द्वारा उसका लगातार पीछा किया गया, जिसके बाद मोटरसायकिल चालाक अवैध सागौन लकड़ी सहित मोटरसायकिल को रास्ते में छोड़कर भाग गया। रेंजर राजेश चौहान द्वारा बताया गया कि मौके से एक मोटरसायकिल व चरपट लकड़ी 10 नग जप्त की गयी है, लकड़ी व वाहन की अनुमानित कीमत 25 हजार आंकी गयी है। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है।



# फसलों पर दवा का छिड़काव करें किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विगत एक सप्ताह से मौसम में परिवर्तन होने के कारण रबी मौसम की प्रमुख फसलें गेहूँ एवं चना फसल में रोग व कीटो के प्रकोप की पूरी संभावना बनी हुई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिले के विभिन्न ग्रामों में कृषि विकास विभाग के मैदानी अमले एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों के खेतों का भ्रमण करके फसलों में आने वाली समस्याओं से रूबरू कराते हुये उनके बेहतर उपायों से कृषको को अवगत कराया जा रहा है। उप संचालक कृषि एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक द्वारा बताया गया कि चना फसल वर्तमान समय में पुष्पन, फलन वाली अवस्था पर है। इस अवस्था में मौसम में परिवर्तन जैसे दिन में न्यूनतम तापमान, हल्की बारिश होने के कारण पौधों में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया सुचारू रूप से न होने के कारण चना फसल में पुष्पन प्रभावित होने के साथ-साथ फसल के पुष्प भी पीले पडकर सूख रहे है। जिसके चलते फसल में आर्थिक नुकसान होने की पूरी संभावना है और साथ ही फसल में चने की सुण्डी इल्ली के साथ-साथ उकटा व जड-सडन रोग के प्रकोप के कारण भी फसल सूख रही है। किसान भाईयो को सलाह है कि चना फसल की सुरक्षा के लिए इमामेक्टिन बेन्जोएट + प्रोफेनोफास 200 ग्राम/ एकड या क्लोरो इन्ट्रा निलीप्रोल + लेम्ब्डा साइलोथ्रिन 80 मिली/ एकड के साथ फ्लू पायराक्साइड + पायरो क्लोरो स्ट्रोबिन 150 मिली/ एकड या एजोक्सी स्ट्रोबिन + टेबू कोनोजोल 150 मिली/ एकड के साथ एनःपीःके 19:19:19, 1 किग्रा/एकड से 150 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करे। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले की मुख्य फसल गेहूँ में भी वर्तमान समय में जड-माहू कीट व कठुआ इल्ली का प्रकोप प्रारम्भिक अवस्था से ही फसल पर बना हुआ है जिसके कारण फसल पीली पड़ कर सूख रही है व इल्ली के प्रकोप के कारण फसल की वानस्पतिक वृद्धि व बालियाँ प्रभावित हो रही है। अतः किसानो को सलाह है कि उक्त कीटो के निदान हेतु इमामेक्टिन बेन्जोएट + प्रोफेनोफास 200 ग्राम/एकड के साथ एनःपीःके 19:19:19, 1 किग्रा/ एकड की दर से 150 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करे। साथ ही कृषको को सलाह है कि अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए सतत कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको के सम्पर्क में रहे।

# सीएम राइज स्कूल में विद्यार्थियों के लिए लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जलवायु के परिवर्तन से बच्चों पर खासा प्रभाव पड़ता है जैसे ही मौसम में बदलाव की शुरुआत होती है तो वायरल बुखार, इन्फेक्शन, सर्दी, खांसी आदि बच्चों को प्रभावित करते हैं। जिससे उनकी इम्यूनिटी पर भी प्रभाव पड़ता है उक्त विचार डॉक्टर अमित माथुर ने सी एम राइज विद्यालय में विद्यार्थियों हेतु लगाए गए विशेष जांच स्वास्थ शिविर में कहीं। प्रभारी शिक्षक अकबर सिद्दीकी ने बताया कि लगातार पड़ी ठंड से बच्चों के स्वास्थ के साथ उनकी पढ़ाई पर भी खासा प्रभाव पड़ा है। तथा मौसम के बदलाव से बच्चों में अक्सर खांसी, सर्दी, जुकाम और बुखार की शिकायतें देखने को मिल रही थी। शिविर में लगभग 200 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ अमित माथुर, डॉ ब्रजेश साहू, डॉ देवकरण मालवीय, डॉ राहुल मालवीय,रवि लोधी के माध्यम जांच स्वास्थ परिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों की रिपोर्ट भी प्राप्त की गई यह तीसरा अवसर लगाए गए।

### विद्युत पेंशनर्स संघ का वार्षिक स्नेह मिलन सम्मेलन आयोजित

# पेंशनर्स की समस्याओं को हल करने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




विद्युत पेंशनर्स संघ का वार्षिक स्नेह मिलन सम्मेलन गीतांजलि गार्डन में आयोजित किया गया। जिसमें आमंत्रित अतिथि गण माननीय विधायक गोपाल इंजीनियर, विधायक प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, पूर्व जनपद अध्यक्ष धारा सिंह पटेल, किसान महासंघ जिला अध्यक्ष मान सिंह इलाही, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष डॉ इदरीश, अनोखी लाल खंडेलवाल, भाजपा शहर अध्यक्ष अतुल शर्म,ा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, सकल समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, व्यापारी महाप्रकोष्ठ अध्यक्ष रूपेश राठौर, प्रजापति समाज अध्यक्ष राकेश प्रजापति, सीहोर विद्युत पेंशनर्स संघ सीहोर के संरक्षक एसएल नरेडा, अध्यक्ष नरसिंह मेवाड़ा, सचिव तरूण गोसाई, विद्युत रक्षक संघ भोपाल के प्रांतीय अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, संरक्षक शैलेंद्र व्यास उपाध्यक्ष एके अवस्थी, एके सिंह सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में सभी आमंत्रित अतिथियों में अपने विचार व्यक्त किए। विधायक ने आश्वासन दिलाया के विद्युत कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान ट्रेजरी के द्वारा और पेंशन की गारंटी शासन द्वारा प्रदान की जाने चाहिए विषय में मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे। विद्युत विद्युत पेंशनर्स को विभाग के द्वारा निशुल्क चिकित्सा बीमा सुविधा नहीं है, उनको आयुष्मान योजना की सीमा में लाया जाएगा। उनको आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रदान करने के लिए चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन शाखा अध्यक्ष डॉ आरपी श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। आभार व्यक्त एलएस जोशी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल बनाने में कैलाश परमार हकीमाबाद, रमेश सोनालिया, राजेंद्र शर्मा, एआर अंसारी, आरके मित्तल, हरिनारायण शर्मा, केएस सोलंकी, सज्जन सिंह विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा।

# शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय में मनाई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में मंगलवार 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर प्रार्थना सभा के समय मद्यनिषेध दिवस मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पलता मिश्रा, एनएसएस प्रभारी डॉ. ललिता राय श्रीवास्तव, कुलदीप जाटव, डॉ. प्रेम सिंह, डॉ. कृपाल सिंह विश्वकर्मा तथा महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में छात्र कृतिक जोशी के द्वारा महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। छात्र ताहिर खान द्वारा महात्मा गांधी के जीवन पर कविता का वाचन किया गया। साथ ही छात्र कन्हैया बैरागी द्वारा गांधी जी के जीवन, व्रत और स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में बताया। इसी तारतम्य में छात्रा शबनम मंसूरी द्वारा गांधी जी के जीवन वृत पर प्रश्न पूछे गए जिनके उत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा दिए गए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृतिक जोशी, द्वितीय स्थान कन्हैया बैरागी व तृतीय स्थान ताहिर खान का रहा। अंत में समस्त महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा मद्यनिषेध दिवस पर शपथ ली गई।


### टेक्नीशियन और डॉक्टर के अभाव में मरीजों को समय पर नहीं मिल पा रही स्वास्थ्य सुविधाएं

# सिविल अस्पताल में करोड़ों की बिल्डिंग व मशीनें खा रहीं धूल, साधारण कागज पर मिल रही एक्सरे रिपोर्ट

### राज्यमंत्री टेटवाल ने स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर मीटिंग में दिए थे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाकर उसका लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को अव्वल दर्जे का बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। करोड़ों रुपए के हॉस्पिटल भवन व लाखों रुपए की विभिन्न तरह की जांच मशीन हॉस्पिटल तक पहुंचा दी, जिसका लाभ सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को मिलना चाहिए था परंतु हालात इसके उलट है। अकेले सारंगपुर सिविल अस्पताल की ही बात करें तो प्रसूताओं को भी जांच न होने के कारण अपना स्वास्थ्य लाभ नहीं करवा पा रहीं उन्हें या तो निजी अस्पताल का मुंह तांकना पड़ता है या फिर निजी क्लीनिकों पर जाकर हजारों की जांच करवाना पड़ रही है। इसके लिए सारंगपुर अस्पताल प्रबंधन हमेशा स्टाफ न होने की बात ही करता रहता है। बात की सत्यता भी यही है कि जिले में अधिकतर डॉक्टर राजनैतिक दबाव का शिकार हो जाने के कारण वह अपना उत्कृष्ट काम नहीं कर पाते। जिसके कारण मरीजों को मिलने वाली सरकारी योजनाएं भी खोखली साबित हो रही हैं।







#### करोड़ों का भवन स्टाफ के अभाव में वीरान, मशीनें खा रही धूल

सारंगपुर सिविल अस्पताल में करोड़ों के भवन के साथ कोरोना को दृष्टिगत रखते हुए आईसीयू रूम तथा लैब भवन बनकर तैयार है उन भवनों का शासन एवं विधायक लोकार्पण कर चुके है किंतु लोकार्पण के बाद आज तक उन भवनो के ताले नहीं खुले हैं इतना ही नहीं सिविल अस्पताल की डबल मंजिला इमारत जिसमे अलग अलग विधाओं के डॉक्टर रूम के साथ विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच के लिए मशीन उपकरण रूम बनाए गए। कुछ रूमो के उपकरण गत दो वर्षो से ताले में बंद होकर धूल खा रहे हैं तो कई रूम में डॉक्टर नहीं होने के अभाव में ताले लटके हुए हैं। ऐसे में अस्पताल का इलाज किया जाना प्राथमिकता में है अस्पताल में टेक्नीशियन डॉक्टर की पद पूर्ति नितांत आवश्यक है।

#### वर्तमान में सुविधा भी बनी दुविधा

ऐसे तो 100 बिस्तर के सारंगपुर अस्पताल में कमियों की कोई कमी नहीं है परंतु परेशानी यह है कि जो सुविधाएं मरीजों को दी जा सकती है उन्हें भी गलत मैनेजमेंट के चलते मरीजों को परेशान होना पडता है। इस 100 बिस्तर के अस्पताल में अलग अलग स्वास्थ्य सुविधा के लिए भवन होते हुए भी, दवाई गोली, इंजेक्शन, पर्चा ,जांच, एक्सरा एक ही स्थान पर कर दिए गए हैं। इस कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### मंत्री टेटवाल ने दिए थे अधिकारियों को निर्देश

सारंगपुर के सिविल अस्पताल में विगत दिनों मध्य प्रदेश शासन के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री गोतम टेटवाल द्वारा स्थानीय स्वास्थ्य सुविधा को लेकर आकस्मिक निरीक्षण किया गया था । निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए थे की अलग अलग रूप में अलग अलग व्यवस्था की जाए, ताकि लोगो को परेशानी का सामना न करना पड़े लेकिन समाचार लिखे जाने तक मंत्री के निर्देशों का पालन भी हुआ।

#### कागज पर मिलती हैं एक्स-रे रिपोर्ट

सिविल अस्पताल में बैसे तो अनेक सुविधाओं की कमी बरकरार है किंतु जो सुविधा है वह भी आधी अधूरी मिल रही हैंअस्पताल में एक्सरा मशीन तो चालू है किंतु डीजीटल फिल्म का अभाव बना हुआ है एक्सरा कागज के पन्नों पर दिया जा रहा है ऐसे में उक्त एक्सरे की जांच करना केसे संभव होगा इतना ही नही एक्सरे की रेडिशन से बचने के लिए रेडिशन सीड भी नदारत है।

#### इनका कहना है...

साधारण पेसेंट को छोड़कर पुलिस केस एमएलसी वाले को डिजिटल एक्सरे दिए जाते हैं। स्टाफ की कमी होने के कारण नए भवन में लेब शिफ्ट नहीं की जा सकती हैं।

**डी बड़ोदिया,** ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सारंगपुर



## सड़क निर्माण में तोड़े गए धार्मिक चबूतरों को पुनः बनाने की मांग

### त्यौहारों पर चबूतरों पर पूजन-अर्चन करती हैं महिलाएं

**राजगढ़।** नगर पालिका द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की कड़ी में स्थानीय बिरसा मुंडा चौक से रानी लक्ष्मी चौक तक डामरीकृत सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान सोल्डर क्लब के समीप स्थित पीपल के पेड़ के आसपास के दो चबूतरों को तोड़ा गया है। तोड़े गए इन दोनों चबूतरों के आसपास नगर की सैकड़ों मातृ-शक्तियां होली, वट सात्रिवी व्रत, हलछठ, सोमवति अमावस्या सहित अन्य त्यौहारों पर पूजा-अर्चना करती हैं। चबूतरों के टूट जाने से उक्त त्यौहारों पर पूजन-अर्चन में महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में महिलाओं ने नगर पालिका से मांग की है कि उक्त दोनों चबूतरों का निर्माण पुनः करवा दिया जाए। नगर की श्रृद्धालु महिलाओं मालती मौर्य, अनीता वर्मा, सुषीला मौर्य, बसंतीबाई, कमलीबाई मेवाड़े आदि मांग रखी है।

#### इनका कहना है

पीपल के पेड़ के आसपास के दोनों चबूतरों का फिर से निर्माण करवाया जाएगा। अच्छी गुणवत्ता से चबूतरे बना दिए जाएंगे।

**- विनोद साहू,**
**अध्यक्ष, नगर पालिका, राजगढ़**

## फर्जी तरीके से लोन का झांसा देने वाले पर अर्थदंड की सजा

**ब्यावरा।** आरोपी द्वारा धोखेबाजी कर व अपने आपको किसी प्रायवेट फायनेंस कंपनी का बताकर लोन देने के नाम पर फरियादी के परिवार के दस्तावेज लेने एवं लोन न दिला पाने के एम मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अशोक शर्मा ने आरोपी देवराज पिता प्रभूलाल उम्र 24 वर्ष ग्राम रसूल्डी पर 18 हजार का अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला मलावर थाने का है जिसमें आरोपी पर अपराध धारा 420,467,468,471 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। जिस पर बुधवार को फैसला सुनाया गया है।

### सीसीटीवी में कैद हुई चोरी घटना, एक चोर पकड़ाया

## डेसिंग रूम से पानी गर्म करने का उपकरण ही चुरा ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिला अस्पताल में मंगलवार रात्रि चोरी की घटना हुई है जिसका सीसीटीवी फुटैज भी सामने आया है। तीन युवकों ने अस्पताल के डेसिंग रूम से पानी गर्म करने का उपकरण चुरा लिया और भाग निकले। घटना के बाद तीनों युवक फिर से अस्पताल आए लेकिन सिक्यूरिटी गार्ड को शक होने पर एक युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया, वहीं दो अन्य फरार हो गए।


सीसीटीवी फुटैज में तीन युवक ओपीडी में रैकी करते नजर आ रहे हैं। एक युवक शॉल को लपेटकर अस्पताल के डेसिंग रूम से उपकरण चुराते नजर आ रहा है। ओपीडी के बाहर खड़ा एक अन्य युवक बाईक लेकर तैयार खड़ा था। बाद में दोनों उस उपकरण को लेकर चले जाते हैं जबकि एक वहीं रुक जाता है। इस चोरी को कारित करने वाले तीन युवकों में से एक को सिक्यूरिटी गार्डों रामराज, राहुल वर्मा, सुरेष व कुमैर ने पकड़ लिया। युवक ने पूछताछ में अपना नाम मुकेष तंवर बताया है। पकड़े गए युवक को बाद में कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया। जिला अस्पताल के सिक्यूरिटी एजेंसी सिग्मा इन्फोटेक के इंचार्ज उदय प्रताप ने बताया कि हमारे सिक्यूरिटी गार्ड अब तक आधा दर्जन से अधिक चोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर चुके हैं।



## श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर भक्तों ने की महाप्रसादी ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

ब्यावरा तहसील के मलावर नगर से 1 किलोमीटर दूर प्राचीन पहाड़ी कपिलेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष 25 जनवरी से संगीत में श्रीमद भगवत कथा का आयोजन संत राधेश्याम महाराज खेजड़ा मीना के मुखारविंद से किया जा रहा था जिसका बुधवार को भंडारा महाप्रसादी वितरण के साथ समापन हुआ। जिसमें मलावर क्षेत्र के 40 से अधिक गांव के लोगों भक्तगण महिलाएं बच्चे पुरुष युवाओं ने भगवान कपिलेश्वर महादेव के दर्शन किए व महाप्रसादी ग्रहण की। मंदिर के नीचे पहाड़ी पर झुला विभिन्न चीजों के मेले मेला लगा, जिसमें बच्चों ने मेले का लुप्त उठाया। समापन अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री बद्रीलाल यादव, भाजपा नेता रामनारायण दंगी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दिलवार यादव, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चैनसिंह गुर्जर मलावर सरपंच रोडसिंह ठाकुर, चंदरसिंह गुर्जर पूर्व सरपंच, मोहन जाट, जनपद सदस्य विष्णु गुर्जर आदि क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए। हजारों लोगों ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। मान्यता है कि श्री कपिलेश्वर महादेव के जो दर्शन करता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। यहां कपिलेश्वर महादेव को नारियल क्या प्रसाद चढ़ाया जाता है जो वक्त नारियल का प्रसाद चढ़ाता है कपिलेश्वर भगवन उसकी हर मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।



## ग्राम पंचायत भोजपुर में निकला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

ग्राम पंचायत भोजपुर में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन निकाला। आसपास क्षेत्र के मंडल ढाबली कलाँ, दोलाज पिपलखेड़ी क्षेत्र के स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। पथ संचलन ग्राम पंचायत सेमली कला में निकाली गई दोपहर बाद ग्राम पंचायत भोजपुर में निकाली गई। पथ संचलन की शुरुआत हनुमान पहाड़ी से शुरू हुई जो अनेक मार्गों से होते हुए डूंगरी मंदिर पर संपन्न हुई। जगह-जगह स्वयंसेवक संघ का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। पथ संचलन कार्यवाहक गोपाल जोशी ने बताया है कि 99 वर्ष पूर्ण होने पर पूरा भारतवासियों को नमन करते हैं यहां धरती बलिदानों की है यहां रामकृष्ण महाराणा प्रताप शिवाजी जैसे महापुरुषों ने जन्म लिया और समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होते देखना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात होगी। इस अवसर पर भोजपुर मंडल के लोगों का बड़ा योगदान रहा।



## आर्म रेसलिंग में राजेश को मिला सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

भोपाल में हुई राज्य स्तरीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में राजगढ़ के पास स्थित करेड़ी गांव के राजेश वर्मा ने सिल्वर मैडल जीता वा जून में होने वाली राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ। पहली बार राजगढ़ जिले का प्रतिनिधत्व कर राजेश वर्मा ने सिल्वर मैडल जीत कर साबित कर दिया की राजगढ़ जिले में हुनर की कमी नहीं है।

राजेश वर्मा एक दिव्यांग अंतराष्ट्रीय मॉडल है और इसके साथ में वो स्टेट पैरा एथलीट प्लेयर है और आर्म रेसलिंग में उन्होंने पहली बार राजगढ़ जिले का प्रतिनिधत्व करके सिल्वर मेडल विजेता बने। राजेश का कहना है कि वो हमेशा अपने जिले का और प्रदेश का प्रतिनिधत्व राज्यस्तर वा राष्ट्रीय स्तर पर करते है और विजय होते है ऐसे ही कड़ी मेहनत करके वो अंतराष्ट्रीय स्तर भारत का झंडा लहराना चाहते हैं परंतु कही ना कही उनकी आर्थिक स्थिति ठीक ना होने की वजह से वो अंतराष्ट्रीय स्तर पर नही पहूंच पा रहे उनका कहना है की अगर राजगढ़ जिले में कोई उनको स्पॉन्सरशिप देते है तो वो जरूर कामयाबी हासिल करेंगे। राजेश के घर लोटने पर परिवार वालों ने बधाई दी और मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की।



## प्राण-प्रतिष्ठा के साथ यज्ञ का हुआ समापन

**लखनवास।** नालियाखेड़ी गांव में आयोजित राम लक्ष्मण सीता ओर भगवान शंकरजी की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का समापन बुधवार को किया गया। हवन के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। यज्ञ अनुष्ठान की पूजा विधि यज्ञकर्ता बृजमोहन शर्मा आचार्य ने संपन्न कराई। यज्ञ में फेरी के लिए भीड़ लगी रही। गांव में राम, लक्ष्मण और सीता जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

### शिविर में 700 से अधिक मरीज हुए पंजीकृत

## समाजसेवियों के सम्मान के साथ आयोजित हुआ नेत्र शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वर्गीय कृष्णा शर्मा की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर नेवज कृष्णा सम्मान एवं नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय मंगल भवन में आयोजित हुए सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

सुबह से शाम तक चले नेत्र शिविर में 716 मरीजों का परीक्षण किया जाकर उन्हें निःशुल्क उपकरण व अन्य जरूरी दवाईयों का वितरण करवाया गया। शिविर में चिन्हित 156 मरीजों को ऑपरेशन हेतु मौके से तीन वाहनों के द्वारा आनंदपुर अस्पताल भिजवाया गया। शिविर के आरंभ में पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा ने उपस्थितों को संबोधित करते हुए कृष्णा शर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले नेवज कृष्णा सम्मान को समाजसेवा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित सम्मान कार्यक्रम बताया। कार्यक्रम में षिरकत करने वाले अतिथियों में एसपी धर्मराज मीणा, पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई, हेमराज कल्पोनी, दीपक शर्मा, देवीसिंह सौंधिया, मोना सुस्तानी, राषिद जमील, जपं अध्यक्ष फूलसिंह तंवर, डॉ. ओपी त्रिपाठी, प्रदीप गुप्ता, ब्रहाकुमार संस्था की बहन मधु दीदी, ए.के. शर्मा, राजेंद्र जोषी, षिवसिंह बामलाबे, मनीष जोषी, मनोज हाड़ा, केपी पंवार सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्याम गुर्जर ने किया एवं आभार समिति के अध्यक्ष साकेत शर्मा ने माना।




### विकास कार्यों को देखा, अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश

## ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंची कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शुजालपुर

शुजालपुर कलेक्टर ऋजु बाफना ने शुजालपुर विधानसभा के ग्राम नीछमा, गुलाना, अकोदिया तथा बावनखेड़ा का भ्रमण कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। ग्राम नीछमा में कलेक्टर बाफना ने जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग पेयजल योजना का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायत पेयजल जल वितरण के एवज में ग्रामीणों से राशि संकलित करें व प्राप्त राशि का हिसाब रखें। इसी तरह गौलाना में 9.32 लाख रुपए लागत से निर्मित होने वाले अमृत सरोवर का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि हर स्टेज के फोटोग्राफ रखें, सही तरीके से पडल और पिचिंग निर्माण करें। कलेक्टर ने कहा कि जिस नाले से पानी सरोवर में आयेगा, वहां मिट्टी रोकने के लिए पत्थरों की कंटूर बनाएं।



इस दौरान कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ यांत्रिकी, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर नरेन्द्र नाथ पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी विवेक दुबे, जनपद पंचायत मो. बड़ोदिया सीईओ अमृतलाल सिसोदिया, प्रभारी सीएमएचओ डॉ. अजय साल्विया, बीएमओ डॉ. राजेश रूहेला, तहसीलदार जीवनलाल मोगी व नायब तहसीलदार वंदना हरित, अकोदिया में नायब तहसीलदार नागेश पंवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

#### गौशाला का किया निरीक्षण

गुलाना में कलेक्टर ने गौशाला का निरीक्षण कर संचालन समिति को आमदनी के लिए गोबर से उत्पाद बनाकर बेचने को कहा। साथ ही बनाए गए खाद को भी वाजिब दरों पर बेचने के लिए भी कलेक्टर ने कहा। इसके बाद कलेक्टर ने गुलाना में ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के वैक्सीनेशन कक्ष, प्रसुति कक्ष, दवा वितरण कक्ष, प्रयोगशाला आदि का निरीक्षण किया।

निर्माणाधीन चिकित्सालय भवन को शीघ्र पूरा करवाकर उसमें अस्पताल शिफ्ट करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। उन्होंने गुलाना व अकोदिया के राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण कर विगत तीन माह में निराकृत व 6 माह से अधिक लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने चल रहे राजस्व अभियान की पंजी संधारित करने और प्रकरणों का नियमानुसार व्यवस्थित रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए। प्रकरणों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निराकरण की कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए संबंधित पटवारियों व राजस्व अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र देने के निर्देश दिए।